दिनांक 08.05.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के द्वारा निगम क्षेत्र के नागरिकों को शुद्ध पेयजल वितरण की व्यवस्था को सुनिश्चित करने समीक्षा बैठक के दौरान दिये गये निर्देशानुसार आज जोन 01 नेहरु नगर कार्यालय के जोन आयुक्त श्री संजय बागड़े ने जोन कार्यालय अंतर्गत विभिन्न वार्डों में शुद्ध पेयजल आम नागरिकों को पहूंचाने हेतु सभी जल स्त्रोत के पानी का सैंपल 77 एमएलडी में प्रतिदिन भेजने एवं पाईप लाईन के लिकेज को तत्काल ठीक करने तथा सभी जल स्त्रोतों में नियमित रुप से क्लोरिन डालने तथा स्टैण्ड पोस्ट के पास स्वच्छता बनाये रखने के संबंध में आज समस्त पम्प ऑपरेटर की बैठक ली गई। जिसमें सभी पम्प ऑपरेटर को सक्त निर्देश दिया गया वे प्रतिदिन पेयजल व्यवस्था के वितरण से संबंधित पाईप लाईन, स्टैण्ड पोस्ट का नियमित रुप से मौके का निरीक्षण करें, तथा शिकायत पाये जाने पर तत्काल संधारण का कार्य करें। वार्ड नागरिकों से प्राप्त शिकायत या समाचार पत्रों में प्रकाशित जानकारी के माध्यम से भी ऐसी बात संज्ञान में आती है तो तुरंत उस मौके का निरीक्षण कर व्यवस्था सुनिश्चित करें।

जोन आयुक्त श्री बागड़े ने सभी पम्प ऑपरेटरों एवं सफाई कार्य से जुड़े समस्त कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि वे दिये गये दायित्व का निर्वहन पुरी जिम्मेदारी के साथ करें। ग्रीष्म ऋतु में क्षेत्र के नागरिकों को शुद्ध एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता में से एक है इसलिए इस कार्य में अनुपस्थिति एवं लापरवाही पाये जाने पर ऐसे कर्मचारियों की शिकायत निगम आयुक्त के पास की जायेगी इसलिए आप लोग समय पर उपस्थित होकर अपने कार्य का निर्वहन करें।

जन सम्पर्क अधिकारी